<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- महाकुंभ से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज को दी पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं की सौगात, कहा–समानता का महायज्ञ होगा महाकुंभ दो हजार पच्चीस।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुव्यवस्थित और सुरक्षित महाकुंभ के प्रति जताई प्रतिबद्धता, कहा–प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं से बदलेगी प्रयागराज की तस्वीर।
- रायबरेली में रेलकर्मियों के भर्ती के कथित अनियमितता के मामले में रेलवे भर्ती बोर्ड गोरखपुर के चेयरमैन को रेलवे बोर्ड ने किया निलम्बित।
- प्रदेश के कई हिस्सों में तीन दिनों तक शीतलहर की चेतावनी, बढ़ेगी ठंड।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ दो हजार पच्चीस एकता और समानता का ऐसा महायज्ञ होगा जो राष्ट्र का मार्गदर्शन करेगा और इसकी चर्चा पूरे विश्व में होगी। श्री मोदी कल प्रयागराज के संगम क्षेत्र में महाकुंभ–दो हजार पच्चीस का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लगभग पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा का जीवंत प्रतीक है।

***महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।***

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रमुख मंदिरों के गलियारों और गंगा नदी में जाने वाले छोटे नालों को रोकने और उनकी दिशा बदलने एवं उनके पानी को उपचारित करने की परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

***महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगा दूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाई कर्मी कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले है।***

प्रधानमंत्री ने कुंभ सहायक चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। इसके जरिये महाकुंभ की गतिविधियों के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन मिलेगा और विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस कुंभ को प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संगम के लिए याद किया जाएगा।

***मैंने कुंभ सहायक चौटबॉट को लॉन्च किया है। पहली बार कुंभ आयोजन में एआई, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और चौटबॉट का प्रयोग होगा। एआई चौटबॉट ग्यारह भारतीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है। मेरा ये भी सुझाव है कि डेटा और टेक्नोलॉजी के इस संगम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए।***

इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ को सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं से प्रयागराज की तस्वीर बदलेगी।

***कुंभ भव्य भी हो, दिव्य भी हो, स्वच्छ भी हो, सुरक्षित हो, सुव्यवस्थित भी हो यह परिकल्पना आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने दो हजार उन्नीस में दी और इस बार प्रधानमंत्री जी इस महाकुंभ के शुभारम्भ की दृश्टि से हजारों करोड़ रुपये की अस्थाई परियोजनाओं का शुभारम्भ अपने कर कमलों से कर रहे हैं। मैं इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी का उनके मार्ग दर्शन के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं।***

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दोपहर प्रयागराज पहुंचे और संगम तट, अक्षय वट वृक्ष, हनुमान मंदिर एवं सरस्वती कूप में पूजा–अर्चना की। उन्होंने कुंभ की व्यवस्थाओं को देखने के लिए संगम क्षेत्र में क्रूज यात्रा की। इस कुंभ में श्रद्धालुओं के लिए भी क्रूज सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। महाकुंभ आधिकारिक रूप से अगले वर्ष तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक होगा।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस के लिए देश भर से प्रतिष्ठित लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी और कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कल जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से जम्मू में मुलाकात कर उन्हें महाकुंभ में आने का न्यौता दिया। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री असीम अरुण और जेपीएस राठौर ने भी कल तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि से चेन्नई में मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया।

**********

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन दो हजार चौबीस के ग्रैंड फिनाले में लखनऊ के नोडल केंद्र इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में तीन टीमों ने जीत दर्ज की जबकि एक प्रॉब्लम कैटेगरी में कोई भी टीम विजेता नहीं बन सकी। प्रत्येक टीम को एक लाख रुपए का चेक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया गया। इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलसचिव और हैकथॉन के इंचार्ज मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं।

***हमारे विश्वविद्यालय में जो ग्रांड फिनाले हुआ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन उसके कॉनसेप्ट के लिये उसके कॉनसेप्ट के आरीजन के लिये हम भारत के यशस्वी श्री नरेन्द्र मोदी जी का तहे दिल से धन्यवाद करते है कि उन्होंने इस इनेसिएटिव को लिया और जो भारत में काम कर सारी मिनिस्ट्रीज के जो प्रॉब्लम स्टेटमेंट को लिया गया और उन प्राब्लमस स्टेटमेंट को इन यूथ के जरिये जो सोल्व कराने का लिंकेज कायम किया है।***

मेरठ के शोभित विश्वविद्यालय में भी हैकथॉन के तहत कल पांच विजेता टीमों को एक लाख का नकद पुरस्कार दिया गया। उधर, ग्रेटर नोएडा के एनआईईटी कॉलेज में चल रहे हैकथॉन के सॉफ्टवेयर संस्करण का कल ही समापन हो गया। वहां पांच टीमों को सम्मानित किया गया।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन पिछले बुधवार को शुरू हुआ था। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता की सोच विकसित करना और नवाचार को बढ़ावा देना है।

**********

रेलवे बोर्ड ने रेलवे भर्ती बोर्ड गोरखपुर के चेयरमैन नुरुद्दीन अंसारी को निलंबित कर दिया है। उनका कार्यभार अब पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी देखेंगे। मॉडर्न रेल कोच रायबरेली में रेलकर्मियों की भर्ती में कथित अनियमितता को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

**********

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण के तीन वर्ष पूरे होने पर कल वाराणसी में विविध आयोजन किये गये । इस मौके पर धाम को फूलों और रंग बिरंगी रोशनी के माध्यम से सजाया गया और भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। हमारे हापुड़ प्रतिनिधि ने बताया कि वहां के जिला और तहसील न्यायालयों में आज लगने वाली लोक अदालतों में सुलह योग्य आपराधिक वादों, पारिवारिक मामलें और मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलों समेत विभिन्न प्री लिटीगेशन के मामलों की सुनवाई होगी ।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों में प्रदेश में कई स्थानों पर शीतलहर और कुछ स्थानों पर कोहरे को लेकर चेतावनी जारी किया है। विभाग द्वारा कल जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार आज पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर शीतलहर चलेगी। प्रदेश के कुछ स्थानों पर यह शीतलहर कल भी चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार सोलह दिसम्बर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर शीतलहर चलेगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई वाले इलाकों में देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। इन क्षेत्रों में कोहरे का यह असर सत्रह दिसम्बर को भी देखा जा सकेगा।

इस बीच, ठंड को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। उन्नाव के जिलाधिकारी ने कल सार्वजनिक स्थानों पर बने रैन बसेरों का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि ठंड में जरूरतमंद लोगों को इन रैन बसेरों तक अवश्य पहुंचाएं।

**********